File No-F/39/2020-SEC_4-UDHD DEPT I/9098/2021

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

परियोजना पदाधिकारी-सह-अपर निदेशक
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

नगर आयुक्त,सभी नगर निगम।

कार्यपालक पदाधिकारी,
सभी नगर परिषद् / नगर पंचायत।

पटना, दिनांक-12.08.2021

विषय- **DAY-NULM योजना के SUH घटक अंतर्गत सभी आश्रय स्थलों के संचालन हेतु चयनित ALO द्वारा प्रतिनियुक्त प्रबंधक एवं केयरटेकर के सम्बन्ध में।**

प्रसंग- **विभागीय पत्रांक- 1978 दिनांक-12.09.2016**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के सम्बन्ध में कहना है कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित आश्रय स्थलों का प्रबंधन क्षेत्र स्तरीय संगठनों (ALOs) के माध्यम से कराया जा रहा है। जिनके द्वारा ही प्रबंधक एवं केयरटेकर का चयन कर उनकी सेवा प्रदान की जाती है।

2. संज्ञान में लाना है कि कई नगर निकायों में आश्रय स्थल के प्रबंधन के लिए चयनित ALOs के सचिव, अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष स्वयं या उनके परिवार के सदस्य को प्रबंधक अथवा केयरटेकर के रूप में नियुक्त कर रहीं है।

3. उल्लेखनीय है कि योजनान्तर्गत ALO के गठन का मुख्य उद्देश्य संगठन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की सदस्यों का विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण करना है। ऐसे में स्वयं को प्रबंधक अथवा केयरटेकर नामित करने से ALOs की गतिविधियों में बाधा आती है तथा एक व्यक्ति एक पद की प्रणाली का भी उल्लंघन हो रहा है।

4. विदित हो कि आश्रय स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रात्रि ड्यूटी (नाईट गार्ड) के लिए आश्रय स्थल के द्वार पर एक पुरुष कर्मी भी तैनात किया जाना है, जिसका भुगतान नगर निकाय द्वारा आंतरिक मद से किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि ALO से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों के हितों को ध्यान में रखते हुए संगठन के पदाधिकारी को छोड़कर केवल योग्य महिलाओं का चयन प्रबंधक एवं केयरटेकर के रूप में करना सुनिश्चित किया जाय तथा सुरक्षा हेतु प्रत्येक आश्रय स्थल में एक नाईट गार्ड की व्यवस्था करते हुए कृत कार्यवाई से विभाग को संलग्न विहित प्रपत्र में प्रतिवेदित किया जाय।

अनु०-यथोक्त।

विश्वासभाजन

12/08/21

परियोजना पदाधिकारी-सह-अपर निदेशक
नगर विकास एवं आवास विभाग।

Annexure-I

नगर निकाय का नाम	आश्रय स्थल का नाम एवं पता	कार्यरत ALO का नाम	आश्रय स्थल के संचालन हेतु कर्मियों की सूची		
			नाम	पदनाम	मोबाइल नंबर
				सचिव	
				अध्यक्ष	
				कोषाध्यक्ष	
				प्रबंधक	
				केयरटेकर	
				केयरटेकर	
				केयरटेकर	
				नाईट गार्ड	